महत्वपूर्ण एवं खास

सड़क निर्माण स्थल से 5 किलो का आईईडी बरामद

सुकमा (आरएनएस)। जिले के तोंगपाल थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत ताहकवाड़ा के अंदरूनी इलाके में ग्राम उपलंका एवं बेंगपाल के बीच सडक़ निर्माण सुरक्षा पर निकले जिला बल, सीआरपीएफ एवं छस बल की संयुक्त टीम ने नक्सलियों द्वारा सडक़ निर्माण कार्य स्थल पर लगाये गये 05 किलो का आईईडी बरामद किया है, जिसे सुरक्षित निकालकर उसी स्थल पर नष्ट कर दिया गया। जवानों को नुकसान पहुंचाने की नक्सली साजिश को सतर्कता से जवानों ने नाकाम कर दिया। सुकमा एसपी सुनील शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जनवरी से जून माह तक नक्सलियों द्वारा टीसीओसी कैम्पेन चलाया जाता है, जिसमें सुरक्षाबलों को एम्बुश में फंसाकर नुकसान पहुंचाने का नक्सली साजिश करते है, इस दौरान सुरक्षाबल सतर्कता बरतते हुए नक्सलियों के नापाक मंसूबों नाकाम करते हुए कार्यवाही कर रहे हैं।

दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल से चलने वाली गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस में 02 अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन हमसफ र एक्सप्रेस में 01अप्रैल से 28 जून तक तथा गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 02 अप्रैल से 29 जून तक उपलब्ध रहेगी।

अनियंत्रित ऑटो पलटी 11 महिला मजदूर घायल

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम मावलीभाटा से ऑटो में सवार होकर मजदूरी करने के लिए जगदलपुर आ रहे 11 महिला मजदूरों से भरी आटो डाराखाई मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, इस दुर्घटना में घायल सभी महिला मजदूरों को उपचार के लिए 112 की मदद से मेकाज में भर्ती किया गया। ऑटो चालक समलु ने बताया कि सभी महिला मजदूर मावलीभाटा निवासी हैं, संजय बाजार के पीछे बन रहे भवन की ढलाई कार्य में मजदूरी के लिए आ रहे थे, डाराखाई मोड़ के पास शनिवार की सुबह 09 बजे ऑटो पलट जाने से ऑटो में सवार सभी 11 महिला मजदूर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिये डायल 112 की मदद से मेकाज में भर्ती किया गया है।

धान खरीदी स्टॉक में गड़बड़ी, जांच दल गठित

महासमुंद (आरएनएस)। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने महासमुंद जिले के पिथौरा तहसील के परसवानी धान खरीदी केन्द्र में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के स्टॉक में गड़बड़ी किए जाने तथा वर्तमान में वास्तविक स्कंध भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलने पर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं (डीआरसीएस) सुशील तिग्गा के नेतृत्व में 6 सदस्यीय जांच दल गठित पिछले 17 मार्च को कर दिया है। इस दल में संबंधित शाखा प्रबंधक, संबंधित पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, सहायक खाद्य अधिकारी सरायपाली/पिथौरा, खाद्य निरीक्षक विकासखण्ड पिथौरा और सहकारिता निरीक्षक विकासखण्ड पिथौरा शामिल हैं। डीआरसीएस सुशील तिग्गा ने बताया कि संबंधित धान खरीदी केन्द्र प्रभारी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

शहर में एमपी की शराब खपाने वाले महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

❐ आरोपियों से 18 हजार रूपये के 24 बॉटल और 48 क्वाटर गोवा व्हीस्की शराब की जब्त

❐ मध्य प्रदेश में बेची जाने वाले शराब को अवैध रूप से खपाने में सक्रिय थे आरोपीगण

रायगढ़। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर आज दिनांक 26.03.2022 को सीएसपी योगेश कुमार पटेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मध्य प्रदेश की अंग्रेजी शराब को शहर में अवैध तरीके से खपाने वाले तीन आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की जप्ती की गई है। कोतवाली पुलिस आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक आज दिनांक 26.03.2022 के सुबह सीएसपी योगेश कुमार पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति स्टेशन के पास अवैध शराब लेकर आये हैं, जिसे आसपास के क्षेत्र में खपाने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं। सीएसपी योगेश कुमार पटेल द्वारा टीआई कोतवाली मनीष नागर को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया सूचना पर तत्काल टीआई नागर हमराह स्टाफ के साथ रेल्वे स्टेशन रवाना हुये सुबह करीब 04.30 बजे स्टेशन के पास आटो चालकों से पूछताछ करने पर बताये की थोडी देर पहले गीतांजली एक्सप्रेस निकली है, स्टेशन के बाहर आसपास पूछताछ पतासाजी करते हुये पुलिस स्टाफ को "बेटी बचाओ बेटी पढाओ" चौंक पर एक संदिग्ध व्यक्ति ग्रे रंग की एक्टीवा क्रमांक CG 13 AA- 5198 पर एक महिला और एक युवक के साथ खडा था, जो साथ में काले रंग का ट्राली बैग एवं नीले काले रंग का बडा स्कूल बैग रखे हूये थे। जिसके पास जाने पर एक व्यक्ति लूक छिपकर भागने का प्रयास किया जिसे पकड़कर लाया गया तीनों से कड़ी पूछताछ करने पर एक व्यक्ति अपना नाम महेश केंवट पिता स्व. चंद्र शेखर केंवट उम्र 32 वर्ष निवासी सोनमुडा चौंकी जूटमिल रायगढ एवं महिला को अपनी पत्नी नेहा केवंट एवं लुकछिप कर भागने वाले व्यक्ति का नाम लोकेश निषाद पिता परदेशी निषाद निवासी धांगरडीपा रायगढ़ बताया। जिनके पास रखे बैग को खोलवा कर चेक करने पर काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब मिला। आरोपी महेश केंवट बताया कि वह मध्य प्रदेश से अवैध रूप से बिक्रय करने शराब लाया है। आरोपी महेश केवंट से ट्राली बैंग में रखे 24 नग बाटल गोवा व्हीस्की शराब एवं उसकी पत्नी नेहा केंवट के पास रखे बैग से 48 क्वाटर गोवा व्हीस्की कुल कीमत 17,640 रूपये एवं एक एक्टिवा वाहन को जप्त किया गया है शराब में "For Sell in MP Only" अंग्रेजी में लिखा हुआ है। तीनों आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर विधिवत गिरफ्तार रिमांड पर भेजा गया है।

सीएसपी योगेश पटेल के नेतृत्व में कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक दिग्विजय वैष्णव, श्यामदेव साहू, आरक्षक उत्तम सारथी, पुष्पेन्द्र जाटवर की अहम भूमिका रही है।

शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए वॉक इन इंटरव्यू 7 अप्रैल को

❐ जिले में कार्यरत शासकीय शिक्षक अथवा कर्मचारी सीधे साक्षात्कार में हो सकते है उपस्थित

रायगढ़। जिला रायगढ़ में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय योजनान्तर्गत आगामी सत्र से प्रारंभ होने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय रायगढ़ में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय पदों पर प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिसके लिए 7 अप्रैल 2022 को कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ में प्रात:10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार आयोजित की जाएगी। प्रतिनियुक्ति हेतु इच्छुक जिले में कार्यरत शासकीय शिक्षक/कर्मचारी सीधे साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते है। सभी शिक्षक/कर्मचारी द्वारा साक्षात्कार में आवेदन के साथ सहमति पत्र, वरिष्ठता सूची जिसमें प्रथम पृष्ठ व पृष्ठ जिसमें कर्मचारी का नाम हो व अंतिम पृष्ठ अथवा संविलियिन हुए कर्मचारी का संविलियन आदेश की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

इन पदों के लिए होंगे साक्षात्कार- हिन्दी माध्यम विद्यालय रायगढ़ में शिक्षकीय एवं गैर शिक्षकीय के कुल 34 पदों के लिए प्रतिनियुक्ति की जानी है, इनमें व्याख्यात हिन्दी के 2, व्याख्याता अंग्रेजी के 2, व्याख्याता संस्कृत के 1, व्याख्याता गणित के 2, व्याख्याता भौतिकी एवं रसायन के लिए 1-1, व्याख्याता जीवविज्ञान एवं वाणिज्य के 2-2, व्याख्याता राजनीति/भूगोल, इतिहास/अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान के लिए 1-1, प्रधान पाठक मा.शा.-1, शिक्षक-4, व्यायाम शिक्षक, कम्प्यूटर शिक्षक एवं ग्रंथपाल में 1-1, प्रयोगशाला सहा.में 3, सहायक ग्रेड-2 एवं 3 में 1-1 तथा भृत्य के लिए 4 पद रिक्त है।

नाबालिग से अचानार के आरोपी को पुसौर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

❐ गिरफ्तारी से बचने फरार था आरोपी, हसौद थाना क्षेत्र से हिरासत में लेकर लाया गया थाने, गया जेल

रायगढ़। पुसौर पुलिस द्वारा आज दिनांक 26.03.2022 को नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। अपराध कायमी के बाद से आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचने लुकछिप रहा था जिसे आज दिनांक 26.03.2022 को पुसौर थाना प्रभारी उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा मुखबिर लगाकर सीमावर्ती जिला जांजगीर-चाम्पा के हसौद थानाक्षेत्र से धर दबोचा गया जिसे दुष्कर्म सहित पोक्सो एक्ट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र पुसौर की नाबालिग बालिका द्वारा दिनांक 16.03.2022 को टोल फ्री नम्बर 1098 में कॉल कर आप बीती बताई। चाइल्ड लाईन रायगढ़ में बालिका का काउंसलिग किया गया, जहां बालिका बताई कि लगभग एक वर्ष पूर्व 22 मार्च 2021 को मनोज नायक पिता पालू नायक (25 साल) उसे बहला फुसला कर ग्राम तरडा एवं कंठानी के बीच जंगल में ले जाकर बलात्संग किया उसके बाद से डरा धमका कर कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। लड़की हिम्मत करके आरोपी पर कार्रवाई कराने चाइल्ड को सूचना दिया गया। बालिका की ओर से चाइल्ड लाइन द्वारा थाना पुसौर में दिनांक 22.03.2022 को मनोज नायक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया। थाना पुसौर में आरोपी के विरूद्ध धारा 376,376(2)(e) एवं लैगिंक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4,6,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा तत्काल आरोपी के घर जाकर दबिश दिया गया जो अपराध कायमी की जानकारी पाकर घर से फरार हो गया था। थाना प्रभारी द्वारा लगातार आरोपी की पतासाजी कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिये मुखबिर लगाकर रखा गया था जिसके आज हसौद थानाक्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर स्टाफ आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी को आज दोपहर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

आई.डी.एफ.सी. बैंक का लोन एजेन्ट बताकर ग्रामीण से 2 लाख रूपये की धोखाधड़ी, दो आरोपियों पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

❐ लोन दिलाने के नाम पर लिये ब्लैंक चेक से दूसरे खाते में ट्रांसफर किए रूपए

रायगढ़। दिनांक 25.03.2022 को थाना छाल में जगलाल राठिया (45 साल) निवासी ग्राम जामपाली पोस्ट बेहरामार, छाल के द्वारा लिखित अनावेदक देकर लोरेन्स लकडा पिता सेनाथ लकडा ग्राम काजूबाडी ग्राम पंचायत रैरूमा खुर्द तहसील धरमजयगढ़ तथा शुभम इलेट्रानिक पत्थलगांव के विरूद्ध इसके चेक से 2,00,000 रूपये अन्य खाता में ट्रांसफर धोखाधड़ी करने का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान विक्रय की राशि समिति द्वारा इसके छ.ग. ग्रामीण बैक शाखा हाटी के खाता में जमा कराया गया है। लड़की के विवाह तथा खेती के लिये रुपयों की आवश्यकता पड़ने पर गांव के कुछ लोगों से लोन के संबंध में चर्चा किया जिस पर ग्राम काजूबाडी, रैरूमा के लोरेन्स लकड़ा द्वारा लोन दिला दिलाये जाने की जानकारी हुआ। दिनांक 22.01.2021 को गांव के रति राम राठिया के घर में लोरेन्स लकड़ा से सम्पर्क किया। लोरेन्स लकड़ा अपने आप को आई.डी. एफ.सी. बैंक का लोन एजेन्ट बताया था तथा बैंक से 5 से 25 लाख रुपये तक की लोन दिलाने की बात कहकर भूमि का बी - 1 खसरा, चेक बुक ,बैंक पास बुक एवं आधार कार्ड की छायाप्रति का मांगा। तब उसके बातों में विश्वास कर गांव के 3-4 लोगों के समक्ष हस्ताक्षर किया हुआ 6 ब्लैंक चेक और सभी कागजात दिया। दिनांक 27.01.2021 को ग्रामीण बैंक शाखा हाटी रूपये निकाले गया तो शाखा प्रबंधक बताये की दिनांक 25.01.2021 को चेक द्वारा 2 लाख रूपये आहरण दिखा रहा है जो ग्रामीण बैंक शाखा पत्थलगांव जिला जशपुरनगर से आहरण हुआ है। तब दिनांक 28.01.2021 को ग्रामीण बैंक शाखा पत्थलगांव जाकर शाखा प्रबंधक से चेक आहरण के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 25.01.2021 को एक व्यक्ति बिना रकम भरे एवं बिना नाम लिखे सिर्फ जगलाल का हस्ताक्षर किया हुआ चेक को बैंक में जमा किया था जिससे पूछे कि जगलाल कहाँ है तो उसने बताया कि यहां नहीं आया है। खेत तरफ गया है, फिर फोन से बात कराने को कहा पर उसने बताया कि कवरेज क्षेत्र से बाहर है फिर उसे रकम देने से इंकार कर दिये तो उसने शुभम इलेक्ट्रानिक पत्थलगांव को फोन कर बैंक में बुलाया और शुभम इलेक्ट्रानिक पत्थलगांव वाले ने बैंक में कुछ नहीं होगा रूपये दे दीजिये कहकर स्वयं के हाथों से चेक में अपना नाम एवं 200000.00(दो लाख रू.) भरकर अपने खाता में ट्रांसफर किया। चेक आहरण का स्टेटमेंट देखने पर पता चला कि 200000.00 रुपये शुभम इलेक्ट्रानिक के नाम पर ट्रांसफर दिखा रहा है जबकि शुभम इलेक्ट्रानिक पत्थलगांव से किसी प्रकार कोई लेन देन नहीं है न ही जान परिचय है। लोरेंस लकड़ा, शुभम इलेक्ट्रानिक वाले से मिलकर धोखा धड़ी किया गया है जो फोन से सम्पर्क करने पर एक सप्ताह में पैसा वापस कर दूंगा कहकर आज तक नहीं लौटाया। आरोपियों पर थाना छाल में धारा 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी पतासाजी में लिया गया।

वनाधिकार पट्टा वितरण के कार्य में लाएं तेजी : कलेक्टर भीम सिंह

❐ त्रुटिपूर्ण आवेदनों में करें जल्द सुधार, हितग्राहियों के पट्टों के वितरण में लाए तेजी

❐ कलेक्टर सिंह ने ली राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक

रायगढ़। कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने वनाधिकार पट्टा वितरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि पात्र हितग्राहियों से प्राप्त आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसका जल्द सुधार करवाकर प्रक्रिया आगे बढ़ाये। जिससे हितग्राही को वनाधिकार पट्टा वितरित किया जा सके। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। कलेक्टर डूक्षसह ने कहा कि विवादित व अविवादित नामांतरण, सीमांकन और बंटवारा जैसे प्रकरणों को तेजी से निराकृत किया जाए।

कलेक्टर सिंह ने राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने राजस्व अधिकारियों को हितग्राहियों के नजूल पट्टों के नवीनीकरण करवाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिले में अविवादित एवं विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, बंटवारा, जैसे प्रकरणों की तहसीलवार जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को कहा कि लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण किया जाए। उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन पर सरिया, घरघोड़ा लैलूंगा को जल्द निराकरण कर अपडेट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने नगरीय निकायों की शासकीय नजूल भूमि आबंटन की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नजूल भूमि व्यवस्थापन एवं राजीव गांधी आश्रय योजना अंतर्गत राजस्व अधिकारी नजूल पट्टों का भूमि स्वामी हक प्रदान करने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने नजूल पट्टों के नवीनीकरण एवं फ्री होल्ड वाले प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। कलेक्टर सिंह ने आरबीसी 6-4 के अंतर्गत जनहानि के दो तथा ओलावृष्टि व फसल क्षति, मकान क्षति के प्रकरण पर मुआवजा का वितरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने सड़क दुर्घटना, अज्ञात वाहन दुर्घटना से संबंधित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण जो पुलिस विभाग जांच के कारण लंबित है, उनकी सूची बनाई जाए। जिससे लंबित प्रकरण का जल्द निराकरण किया जा सके। उन्होंने डिजीटल हस्ताक्षर सत्यापन की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनचौपाल एवं कलेक्टर जनदर्शन के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण किया जाए।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा प्रदाय वन अधिकार पट्टे वितरण की अद्यतन जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने कहा कि पट्टे के लिए प्राप्त आवेदन की त्रुटियों को जल्द सुधार किया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को पट्टा प्रदान किया जा सके। कलेक्टर सिंह ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए कि सभी राशन दुकान नियमित रूप से संचालित होनी चाहिए। इसके साथ ही ओबीसी राशन कार्ड निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। जनपद सीईओ को कितने निजी एवं शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्ट्रिंग उपलब्ध है। उसकी निकायवार जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, एसडीएम धरमजयगढ़ संवित मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर राजीव पाण्डेय, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन सहित सभी राजस्व अधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार एवं जनपद सीईओ उपस्थित थे।

सरिया पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

रायगढ़। थाना प्रभारी सरिया उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा दुष्कर्म के फरार आरोपी सूरज प्रताप को आज सारंगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में सारंगढ़ न्यायालय भेजा गया जहां से आरोपी के विरुद्ध जेल वारंट जारी किए जाने पर उप जेल सारंगढ़ में आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार थाना सरिया के अपराध क्रमांक 16/2021धारा 376(ढ), 342, 323, 506 भादवि के मामले के एक फरार आरोपी सूरज कुमार प्रताप पिता अजित कुमार उम्र 24 वर्ष निवासी कन्हईबंध चौकी नैला थाना जांजगीर के विरुद्ध थाना क्षेत्र की युवती द्वारा शारीरिक शोषण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अपराध कायमी के बाद से आरोपी अपने सकुनत से फरार होकर लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था जिस पर थाना प्रभारी सरिया द्वारा अपने मुखबिर लगाकर आरोपी के क्षेत्र में देखे जाने पर सूचना देने हिदायत दिया गया था जिसे आज सारंगढ़ क्षेत्र में देखे जाने की मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सरिया सब इंस्पेक्टर केके पटेल द्वारा हमराह स्टाफ जाकर हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी अपना अपराध स्वीकार किया है जिसे आज दिनांक 26/03/2022 के 17:10 बजे विधिवत गिरफ्तार कर

न्यायिक रिमांड बात उप जेल सारंगढ़ में दाखिल किया गया है।

वीर रस के साथ हास्य व्यंग्य की कविताओं ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के तहत कवि सम्मेलन का आयोजन

❐ संपत सरल, वी.पी.सिंह और प्रियांशु गजेंद्र के काव्य पाठ ने बांधा समा

रायगढ़। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के आयोजन में कवि सम्मेलन प्रमुख आकर्षण रहा। देश प्रदेश के ख्यातिलब्ध कवियों ने अपनी प्रस्तुति से रात 2 बजे तक श्रोताओं को काव्य पाठ से बांधे रखा। कार्यक्रम में वीर रस के साथ हास्य, व्यंग्य और श्रृंगार रस की कविताएं रायगढ़ के कला प्रेमियों को सुनने को मिली और ऑडिटोरियम देर रात तक करतल ध्वनि से गूंजता रहा।

कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने मंचासीन कविगणों का अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, महापौर नगर निगम जानकी काटजू, कलेक्टर भीम सिंह, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, संयुक्त कलेक्टर राजीव पांडेय भी इस दौरान उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय अन्तराष्ट्रीय स्तर पर व्यंग्य शैली के बड़े कवियों में शुमार जयपुर से पधारे कवि संपत सरल ने 'मेरा आदर्श भारतीय गांव' और 'स्मार्ट सिटी' कविताएं श्रोताओं को सुनायी। उन्होंने अपने कविता के माध्यम से आम जन जीवन को रेखांकित किया। हास्य पुट के साथ कही कविताओं से उनकी प्रस्तुति के दौरान ऑडिटोरियम श्रोताओं की हंसी ठहाकों से गूंजता रहा। पुणे से पहुंचे और सेना में कर्नल रहे वी.पी.सिंह ने वीर रस की कविताओं का पाठ किया।

'ये देश है मेरा' कविता के माध्यम उन्होंने सामाजिक सद्भाव व एकता का संदेश दिया। उनके ओजस्वी काव्य बोध से श्रोता भी खासे प्रभावित हुए और करतल ध्वनियों से उनका अभिनंदन किया। बाराबांकी उत्तर प्रदेश से पहुंचे युवा कवि प्रियांशु गजेंद्र ने हास्य कविताओं की श्रृंखला प्रस्तुत की। उनकी राह में छोड़ो या राह में मिलो' और 'रात भर तुमको गाया और सुबह छपे अखबार' में कविता ने उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां और वाह वाही बटोरीं। उन्होंने कलाप्रेमियों की मांग पर 'राम वेदना' का मर्मस्पर्शी पाठ भी कार्यक्रम के अंत में किया।

रीवां से पहुंचे युवा कवि अमित शुक्ला ने मंच संचालन की जिम्मेदारी बखूबी निभाते हुए अपनी शानदार कविताओं की भी प्रस्तुति दी। 'पिता और पुत्री के स्वप्न संवाद' की उनकी कविता ने सुनने वालों को भाव विह्वल कर दिया। कार्यक्रम में पहुंची सुश्री संगीता सरगम ने श्रृंगार रस के कविताओं की प्रस्तुति दी तो, उपेन्द्र द्विवेदी के देशभक्ति से ओत प्रोत वीर रस की कविताओं ने सुनने वालों को जोश से भर दिया। रायगढ़ के कवि रामगोपाल शुक्ला ने भी वीर रस की कविता के साथ व्यंग्य शैली में 'रावण का प्रतिवेदन' रचना सुनायी। युवा कवियों ने भी अपनी कविताओं की शानदार प्रस्तुति दी। आशीष निर्मल, दिनकर पाठक और भूपधर अलबेला के कविताओं में आम जनजीवन की बातों का हास्य बोध के साथ प्रस्तुतिकरण हुआ। भिलाई के कवि गजराज दास महंत ने छत्तीसगढ़ी हास्य कविताओं के माध्यम से अपने जिंदगी के अनुभवों को साझा किया। बंशीधर मिश्रा और प्रियंका गुप्ता ने भी अपनी रचनाओं को मंच के माध्यम से श्रोताओं को सुनाया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का भावपूर्ण व प्रभावी संचालन प्रो. अम्बिका वर्मा और प्राचार्य राजेश डेनियल ने किया।